राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

20 सितंबर 2025

GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

GK SEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine

Rajasthan Current Affairs

GET IT ON Google Play

Download App

by GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

Q. हाल ही में राजस्थान के राज्यपाल द्वारा किसे राज्य का मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया है?

(A) नीरज गोस्वामी

(B) उषा शर्मा

(C) राजेश्वर सिंह

(D) इनमें से कोई नहीं

- रिटायर्ड आईएएस राजेश्वर सिंह को राजस्थान का नया निर्वाचन आयुक्त का नियुक्त किया गया है. राज्य के मुख्य निर्वाचन आयुक्त रहे मधुकर गुप्ता का कार्यकाल खत्म होने पर बाद राजेश्वर सिंह यह जिम्मेदारी दी गई है.
- 16 सितम्बर को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने आईएएस राजेश्वर सिंह को राज्य का मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दी है
- पूर्व आईएएस मधुकर गुप्ता को अगस्त 2022 में राज्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर नियुक्त किया गया था. अब उनका कार्यकाल खत्म होने पर रिटायर्ड आईएएस राजेश्वर सिंह को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है. राजेश्वर सिंह राजस्व बोर्ड के अध्यक्ष भी रहे हैं.
- राजेश्वर सिंह एसीएस पद से पिछले साल ही रिटायर हुए थे। पिछली सरकार में पंचायतों के पुनर्गठन में एसीएस रहते हुए उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी।

Yesterday Revision

⭕. राजस्थान में किस जिले के कनिष्क परिहार ने देहरादून में हुए एशियन सुपर मॉडल 2025 में मिस्टर राजस्थान का खिताब जीता है?- जोधपुर

⭕. राजस्थान में बांसवाड़ा के नापला में कितने मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता के माही न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट का शिलान्यास होगा ?-2800 मेगावाट

⭕. हाल ही में 17 सितंबर 2025 को किसने गंगा भैरव घाटी अजमेर लेपर्ड सफारी का शुभारंभ किया?-वासुदेव देवनानी

⭕. राजस्थान में 12250 करोड़ रुपए की लागत से अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में 2450 मेगावाट का सोलर पार्क कहां विकसित किया जाएगा?- बीकानेर

⭕. राजस्थान के किस जिले में स्थित जेके लोन अस्पताल में डेडिकेटेड पीडियाट्रिक सीटीवीएस इकाई का शुभारंभ भी किया गया?-जयपुर

01. राजस्थान के किस जिले में 19 सितम्बर को गोपाल क्रेडिट कार्ड महा ऋण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया?

(a) अजमेर

(b) जोधपुर

(c) कोटा

(d) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

Important Facts:

⭕ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 19 सितम्बर को कोटा में आयोजित गोपाल क्रेडिट कार्ड महा ऋण वितरण कार्यक्रम में भाग लिया।

⭕ अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में सहकारिता सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत इस अवसर पर 1539 किसानों को 1047.37 लाख रुपये का ऋण वितरित किया गया

⭕ गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना से हजारों पशुपालकों और ग्रामीण महिलाओं को राहत मिली है। इसके तहत एक लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे पशुपालन और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा मिल रहा है।

02. हाल ही में महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, जयपुर विधेयक 2025 के को किसके द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है ?

(A) भजनलाल शर्मा

(B) दीया कुमारी

(C) हरिभाऊ बागड़े

(D) इनमें से कोई नहीं

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Important Facts:

- महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, जयपुर विधेयक 2025 के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है
- यह विश्वविद्यालय खेल विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में अनुसंधान को बढ़ावा देगा।
- यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप होगा और खेलों की गुणवत्ता और खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार लाते हुए उत्कृष्टता केंद्र के रूप में कार्य करेगा।
- महाराणा प्रताप के नाम पर स्थापित यह खेल विश्वविद्यालय प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप निखारने का करेगा काम
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों और उद्देश्यों के अनुरूप खेलों के विकास के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का होगा विकास

03. हाल ही में भारतीय सेना के बैटल एक्स डिवीजन ने किस जिले में वार्षिक फील्ड फायरिंग अभ्यास के दौरान अपनी दुर्जेय सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन किया?

(A) जैसलमेर

(B) जोधपुर

(C) बीकानेर

(D) इनमें से कोई नही

Important Facts:

- जैसलमेर जिले की पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में 19 सितम्बर को भारतीय सेना के बैटल एक्स डिवीजन ने एनुअल फील्ड फायरिंग अभ्यास के दौरान अपनी जबरदस्त सैन्य क्षमता का प्रदर्शन किया।
- यह अभ्यास भारतीय सेना की रणनीतिक और सामरिक शक्ति को एक बार फिर से साबित करता है।
- इस दौरान, भारतीय सेना ने नई पीढ़ी के हथियारों और आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए सर्वोच्च कॉम्बैट इफेक्टिवनेस (combat effectiveness) का प्रदर्शन किया।
- यह वार्षिक फील्ड फायरिंग अभ्यास भारतीय सेना की रणनीतिक तैयारी और सामरिक क्षमता को बढ़ाने का एक अहम हिस्सा है

04. राजस्थान में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 18 सितम्बर को किस शहर में 'नमो टॉय बैंक' का उद्घाटन किया?

(A) जयपुर

(B) कोटा

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नही

Important Facts:

- लोकसभा अध्यक्ष एवं कोटा-बूंदी से सांसद ओम बिरला ने 18 सितम्बर को कोटा शहर में 'नमो टॉय बैंक' का उद्घाटन किया।
- ▪ स्थान – कोरड़ी रोड, गुमानपुरा स्थित परिधान उपहार केंद्र
- ▪ उद्देश्य – बच्चों की मुस्कान और हर घर में खुशी व आत्मसम्मान का वातावरण बनाना
- खास बात यह है कि इस पहल का संचालन स्वयं स्कूली बच्चे करेंगे।
- इसका उद्देश्य समाज के वंचित और जरूरतमंद बच्चों तक खिलौनों के साथ मुस्कान पहुँचाना है।

05. राजस्थान के किस जिले में मिशन पंख:उम्मीदों की उड़ान फिर से' की अनूठी पहल की शुरुआत की गई है?

(A) जयपुर

(B) कोटा

(C) प्रतापगढ़

(D) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

Important Facts:

⭕ प्रतापगढ़ में पोक्सो अधिनियम के पीड़ितों के पुनर्स्थापन के लिए जिला प्रशासन ने एक अनूठी पहल शुरू की है। जिला कलक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया के नेतृत्व में 'मिशन पंख:उम्मीदों की उड़ान फिर से' की शुरुआत की गई है

⭕ उद्देश्य - महिलाओं को सशक्त बनाने और यौन उत्पीड़न की शिकार लड़कियों का समग्र पुनर्वास सुनिश्चित करना।

⭕ इस अभियान में पुलिस विभाग, महिला अधिकारिता विभाग और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग का सहयोग लिया गया है

⭕ मिशन के तहत पीड़ित बालिकाओं को सुरक्षित माहौल देने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

⭕ इस में 21 पीड़ित बालिकाओं को पीड़ित प्रतिकर योजना से जोड़ा गया है। 33 बच्चियों का स्वास्थ्य परीक्षण और मनोवैज्ञानिक परामर्श कराया गया है।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

06. केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार कब से कब तक राजस्थान के सभी नगरीय निकायों में "लोक कल्याण मेला"आयोजित किया जाएगा?

(A) 21 सितम्बर से 12 अक्टूबर तक

(B) 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक

(C) 24 सितम्बर से 20 अक्टूबर तक

(D) इनमें से कोई नही

Important Facts:

⭕ केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना को पुनर्गठित कर इसकी अवधि मार्च 2030 तक बढ़ा दी गई है।

⭕ केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सभी नगरीय निकायों में "लोक कल्याण मेला"आयोजित किया जाएगा, जिसे वर्तमान में चल रहे शहरी सेवा शिविर 2025 में सम्मिलित किया गया है।

⭕ इन शिविरों के दौरान लगभग 50 हजार लंबित आवेदनों का प्राथमिकता से निस्तारण कर नए आवेदनों का भी त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।

⭕ पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा स्ट्रीट वेंडर्स को किफायती ऋण प्रदान करने के लिए शुरू की गई एक विशेष माइक्रो-क्रेडिट सुविधा है।

07. राजस्थान के किस अस्पताल में देश का पहला इंस्टीट्यूट ऑफ डर्मेटोलॉजी स्थापित होगा?

(A) SMS अस्पताल, जयपुर

(B) PBM अस्पताल, बीकानेर

(C) MDM अस्पताल, जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Important Facts:

⭕ देश का पहला नया इंस्टीट्यूट ऑफ डर्मेटोलॉजी – जयपुर
⭕ स्थान – SMS अस्पताल, जयपुर
⭕ लागत – ₹7 करोड़
⭕ विशेषता – देश का पहला सरकारी कॉस्मेटिक लेजर इंस्टीट्यूट (विश्व में लंदन के बाद दूसरा)

🎯 उद्देश्य –
✨ आधुनिक लेजर तकनीक से त्वचा रोगों का इलाज
✨ बाल झड़ना, मस्से, टैटू, पिगमेंटेशन आदि का समाधान
✨ हर साल लगभग 4 लाख मरीजों को सस्ता व उन्नत उपचार

08. राजस्थान सरकार अब कितने साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को घर पर इलाज की चिकित्सा सेवाएं शुरू करने जा रही है?

(A) 75 साल

(B) 60 साल

(C) 80 साल

(D) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

Important Facts:

⭕ राजस्थान में सरकार अब 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को घर पर इलाज की चिकित्सा सेवाएं शुरू करने जा रही है।

⭕ गंभीर बीमारियों से ग्रसित बुजुर्गों को इसके बाद रूटीन इलाज, दवा और चिकित्सकीय परामर्श के लिए अस्पताल नहीं आना पडेगा।

⭕ उनके इलाज के लिए चिकित्सा विभाग की टीम खुद उनके घर पहुंचेगी। राजस्थान में वर्तमान में 15 जिलों में छोटे स्तर पर प्रायोगिक रूप से मरू प्रकाश होम बेस पेलिएटिव केयर नाम से यह प्रोजेक्ट अप्रैल माह में शुरू किया गया था।

⭕ अगस्त माह से प्रदेशभर में यह सेवा वृहद स्तर पर CMHO की देखरेख में चल रही है। देश में राजस्थान ऐसा पहला राज्य होगा, जहां घर पर बीमार बुजुर्गों को चिकित्सा विभाग होम केयर मेडिकल सर्विस मिलेगी।

09. भारत सरकार भारत AI मिशन के अंतर्गत कितनी डेटा लैब स्थापित करेगी?

(a) 400

(b) 500

(c) 300

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Important Facts:

- सरकार भारत AI मिशन के अंतर्गत 500 डेटा लैब स्थापित करेगी
- सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश भर में 500 डेटा लैब स्थापित करने की घोषणा की।
- यह पहल भारत AI मिशन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य स्वायत्त AI क्षमताओं का विकास करना है।
- सरकार ने IIT बॉम्बे के एक संघ को 1 ट्रिलियन मापदंडों वाला एक वृहद भाषा मॉडल बनाने के लिए 988.6 करोड़ रुपये आवंटित किए।

10. हाल ही में भारत ने अंतर्राष्ट्रीय नौकरी वर्गीकरण के लिए किसके के साथ समझौता किया है?

(a) अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन

(b) विश्व बैंक

(c) संयुक्त राष्ट्र संघ

(d) इनमें से कोई नही

Important Facts:

- भारत ने अंतर्राष्ट्रीय नौकरी वर्गीकरण के लिए ILO के साथ समझौता किया
- भारत ने व्यवसायों के अंतर्राष्ट्रीय संदर्भ वर्गीकरण (IRCO) के निर्माण हेतु अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।
- इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य कौशल की वैश्विक तुलना में सुधार लाना और भारतीय श्रमिकों को अंतर्राष्ट्रीय रोज़गार के अवसरों तक पहुँच बनाने में सहायता करना है।
- ILO: 1919 में स्थापित, इसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्जरलैंड में है।

Today, Quiz:

Q. हाल ही में 17 सितंबर 2025 को किसने गंगा भैरव घाटी अजमेर लेपर्ड सफारी का शुभारंभ किया?

(A) नरेंद्र मोदी

(B) भजनलाल शर्मा

(C) वासुदेव देवनानी

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course

GK Search Engine Mobile App

🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹

💠 क्या मिलेगा? 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

GK Search Engine

FOLLOW ON FACEBOOK

GK Search Engine

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine